सार-समाचार

राष्ट्र सेविका समिति ने ज्ञापन दिया

जोधपुर, (कासं)। राष्ट्र सेविका समिति व मरुधरा महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में प्रान्त भर के जिला केंद्रों पर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर पश्चिम बंगाल के संदेश खाली कुच बिहार व उत्तर दिनाजपुर चोपरा में महिला के साथ हो रहे उत्पीड़न अनुचित असभ्य बर्ताव का विरोध कर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। समिति की महानगर कार्यवाहिका गजेंद्र कंवर ने बताया कि जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर केंद्र सरकार से मांग की गई कि बंगाल की ममता सरकार को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर महिला की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। निष्पक्ष जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए सजा दी जानी चाहिए। प्रान्त कार्यवाहिका डॉ सुमन रावलोत ने कहा कि भारत की संस्कृति में नारी का स्थान सर्वोच्च है। उसे पूज्य मानते हैं। लेकिन इस देश के ही एक हिस्से में महिलाओं के साथ चुन चुन कर असभ्य अनुचित व्यवहार , उत्पीड़न की घटनाएं हो रही है। निरिह निरपराध नागरिकों का व विशेष महिलाओं का शोषण दर्दनाक उत्पीड़न सर्वथा निदनीय है। भारतीय सविधान की धज्जियां उड़ाने वाली यह घटनाएं तालिबानी शासक का स्मरण कराती है। जो सभ्य समाज में बर्दाश्त नहीं हो सकती हैं। सेविका समिति के प्रतिनिधि मण्डल में संगीता पंवार चंद्रकांता भंडारी आशा जोशी, हेमलता चौधरी, विनीता जांगिड़ ,माधवी श्रीवास्तव, सीमा विश्नोई, किरण चौधरी सहित सेविकाएं उपस्थित थी।

जालोर के वुशू खिलाड़ी तमिलनाडु जाएंगे

जालोर, (कासं)। तमिलनाडु में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता के लिये जालोर के तीन वुशू फाइटरों का चयन हुआ है। जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य व महासचिव कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि तमिलनाडु के कोयम्बटूर में 26 से 31 जुलाई तक भारतीय वुशू संघ के तत्वावधान में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।उक्त प्रतियोगिता के लिए 56 किलो वजनवर्ग में दिव्या गोदारा, 60 किलो वजनवर्ग में सुनीता चौधरी व तालु इवेंट में वन्दना चौहान का चयन राजस्थान वुशू संघ ने किया है। गौरतलब है कि दिव्या गोदारा व सुनीता चौधरी ने भीनमाल नगर में 27 से 30 जून तक राजस्थान वुशू संघ व जालोर वुशू संघ के तत्वावधान में आयोजित 18वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जालोर के लिये स्वर्ण पदक व वन्दना चौहान ने रजत पदक जीता था। जिससे इन तीनों ही खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महासचिव मिश्रा ने बताया कि वुशू खेल की जूनियर वर्ग केटेगरी में पहली बार तीन खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। तीनों ही खिलाड़ी आर्य वीर दल व वीर वीरमदेव स्पोर्ट्स एकेडमी में नियमित अभ्यास करते हैं। खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर जिला वुशू संघ ने राजस्थान वुशू संघ व भारतीय वुशू टीम कोच राजेश कुमार टेलर का आभार जताया है।

कुम्हारों का तला में पुस्तकें बांटी

धोरीमन्ना, (निसं)। नये शिक्षा सत्र की नि:शुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण संस्था प्रधान मांगीलाल विश्नोई की अध्यक्षता में 5 जुलाई को धोरीमन्ना उपखंड के कुम्हारों का तला में किया गया। बेरी में पीईईओ स्तरीय वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों को पाङ्क्ष्य पुस्तकें वितरित की गई। संस्था प्रधान मांगीलाल बिश्नोई ने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य छात्रों के विकास में सहायता, उनके शैक्षिक स्तर को ऊंचा करना, और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारी दृष्टिकोण प्रदान करना है। इस दौरान विद्यालय स्टाफ प्रदीप गोदारा, नरेंद्र कुमार जांगू, पवन चौधरी, मीठालाल मीणा, भजनलाल जांगू, वर्षा विश्नोई एवं विद्यालय प्रबंधन कमेटी सदस्य नारायण प्रजापत तथा अभिभावकगण जगदीश प्रजापत, भीखाराम गोदारा की मौजूदगी में आज उमावि में कक्षा प्रथम से 12वीं तक अध्ययनरत समस्त बालक/बालिकाओं को नि:शुल्क पाठय पुस्तकों का सेट प्रदान किये गये।

माण्डवला स्कूल में पाठय पुस्तकें दी

जालोर, (कासं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माण्डवला में शुक्रवार को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन शुक्रवार को श्रीमान शिक्षा मंत्री महोदय के निर्देशनुसार प्रत्येक विद्यालय मे कक्षा एक से बारह तक किया गया, जिसमें स्थानीय रा उ मा विद्यालय मांडवला में ग्राम के सरपंच सोहन लाल गर्ग व संस्था प्रधान उम्मेद शर्मा नेउधबोधन के रूप में अपने विचार व्यक्त कर सरकारी योजनाओं के बारे में बालको को लाभान्वित किया। साथ ही पुस्तकालय अध्यक्ष चम्पालाल सुखाडिया ने पुस्तकों के रखा रखाव के बारे मे बताया। अंत मे सरपंच महोदय व संस्था प्रधान के हाथो पुस्तकों का वितरण किया गया। इस मोके पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। वही कार्यक्रम का संचालन नूर मोहम्मद ने किया।

बिजली सुरक्षा अभियान की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। डिस्कॉम जालोर की ओर से जिलेभर में विद्युत लाईन के ढीले तारों को कसने एवं क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को बदलने के लिए चलाये जा रहे ''बिजली सुरक्षा अभियान'' के संबंध में शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर पूजा पार्थ ने अभियान की समीक्षा करते हुए सर्वे द्वारा चिन्हित किये गये स्थलों पर ढीले तार दुरूस्त करने व क्षतिग्रस्त पोल को बदलने की कार्यवाही जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता पी.एस.राठौड़ ने अभियान के तहत अब तक हुए प्रगति के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जालोर के अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार सहित जिले के समस्त अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

सड़क पर चलती कार में आग लगी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के रातानाडा क्षेत्र में सड़क पर चल रही एक कार में अचानक आग लग गई। कार सवार यात्री घबरा गए। स्थानीय लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। सड़क पर जलती कार को देखकर आस-पास के वाहन चालक भी सहम गए। जानकारी अनुसार आज सुबह 11:30 बजे के करीब रातानाडा, कृष्ण मंदिर सर्किल के पास से कार निकल रही थी। अचानक कार के बोनट से धुंआ निकालने लगा। कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही कार ने आग पकड़ ली और देखते-देखते आग से कार जलने लगी। इस दौरान आस-पास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम को भी सूचना दी गई। हालांकि गनीमत रही की बड़ा हादसा नहीं हुआ।

इस्कॉन की जगन्नाथ रथयात्रा कल

जोधपुर, (कासं)। इस्कॉन जोधपुर की ओर से श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन 7 जुलाई रविवार को किया जायेगा। यह रथयात्रा 7 जुलाई की सायं चार बजे आदर्श विधा मंदिर प्रतापनगर गेट नम्बर 2 से शुरू होकर आखलिया चौराहास, बॉम्बे मोटर सर्कल, जालोरी गेट, गोल बिल्डिग, सरदारपुरा बी रोड़, सत्संग भवन, जलजोग चौराहा, 12 वीं रोड़ चौराहा, बॉम्बे मोटर सर्किल, आखलिया चौराह होते हुए श्री आदर्श विधा मंदिर प्रतापनगर प्रांगण में पहुंच कर समाप्त होगी। शोभायात्रा समापन के बाद भक्तों को प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

हत्या की गुत्थी सुलझी

जोधपुर, (कासं)। भारत के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीतने के बाद जोधपुर में जश्न मनाने निकले 16 वर्षीय युवक की हत्या की गुत्थी सुलझ गई है। युवक की हत्या बिजली के तारों से करंट देकर की गई थी। वह जश्न मनाने के बहाने अपनी क्लासमेट से मिलने उसके घर चला गया था। तभी परिवार वाले जाग गए और उसे चोर समझकर मार डाला, इसके बाद शव बोरे में भरकर हाईवे किनारे फेंक दिया।

झूठी निकली चैन लूट की वारदात

पाली, (नि.सं.)। शुक्रवार को अंबेडकर सर्किल नहर रोड पर युवक के साथ दो बाइक पर आए पांच यूव को ने मारपीट कर चेन लूटने की घटना फर्जी निकली। दरअसल नाबालिक युवक द्वारा पढ़ाई के डिप्रेशन के चलते यह झूठी कहानी रची थी और पुलिस को परेड कराई। युवक के पिता ने कोतवाली पहुंच बताया कि सोने की चेन घर पर ही है। पुलिस ने नाबालिग को हिदायत दी की वह ऐसा आगे नहीं करें।

देवासी हरजी होते हुए मनादर जाएंगे

जालोर, (कासं)। राज्य के ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी 6 जुलाई को मुण्डारा (पाली) से वाया तखतगढ़- हरजी (आहोर,जालोर) होते हुए मनादर (सिरोही) पहुंचेंगे। जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

जिला कलैक्टर ने पौधारोपण कर उसकी जिओ टैंगिंग की तथा सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाया

जालोर में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्तओं ने पौधारोपण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर में पी.एच.ई.डी. के मुख्य कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार राज्य में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से 1 लाख पौधे बारिश के दौरान लगाने के अभियान का शुभारंभ जिला कलैक्टर पूजा पार्थ एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने शिवाजी नगर स्थित जलदाय विभाग के वृत कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पौधारोपण कर किया।

अभियान का शुभारंभ करते हुए जिला कलैक्टर ने पौधारोपण कर उसकी जिओ टैंगिंग की तथा ट्री-गार्ड भी लगाया।

अभियान के तहत विभाग द्वारा गिरते भूजल स्तर के सुधार करने, षुद्ध पेयजल, जल संरक्षण तथा वाटर हार्वेस्टिंग को बढावा देने के लिए ''एक पौधा माँ के नाम'' पूरे राज्यभर में 1 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिसमें विभाग के भवनों, जीएलआर, पम्प हाउस व उचित स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है।

स्थानीय परिसर में अभियान के तहत मुख्य कार्यकारी अधिकारी जवाहर चौधरी, अति. जिला कलेक्टर षिवचरण मीना, उप वन संरक्षक देवेन्द्रसिंह, अधीक्षण अभियंता रमेषचंद मीना, पीएचईडी के अधिषासी अभियंता ष्यामबिहारी बैरवा, जितेन्द्र त्रिवेदी व राजेशकुमार, पीएचईडी के सहायक अभियंता सुनील गुर्जर, राकेष सैनी, परियोजना खण्ड जालोर के बीएन शर्मा, पीएचईडी लैब के प्रभुराम सहित पीएचईडी के समस्त कनिश्ठ अभियंताओं व कार्मिकों ने उपस्थित रहकर पौधारोपण किया।

भाजपा महिला मोर्चा का एक पेड़ मां के नाम अभियान

भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मंजू सोलंकी के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा के द्वारा चलाए जा रहा अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम से पौधारोपण किया।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी ने बताया कि यह कार्यक्रम हर मंडल में 1 जुलाई से चलाया जा रहा है। जिसका शनिवार को समापन समारोह है।

इस कार्यक्रम में अपील की गई है कि सभी लोग इस कार्यक्रम से जुड़े और एक पेड़ अवश्य लगाए। ऐसे कार्यों से ही पर्यावरण का माहौल बनता है। ऐसे में हम पर्यावरण को अवश्य ही बचा सकेंगे। इस आयोजन के प्रति सरकार भी गंभीर है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। पौधे लगाने से धरती का श्रृंगार होता है और पर्यावरण का संरक्षण होता है।

इस मौके पर जिला महामंत्री इंदु चौधरी जिला महामंत्री गायत्री गोड जिला उपाध्यक्ष संतोष ,काजल, पूर्णिमा रितु, वंदना, निर्मला आदि के कार्यकर्ता मौजूद थी।

बाड़मेर संवाददाता के अनुसार : इस मानसून की शुरुआत के साथ ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिले भर के विभिन्न अधिशाषी अभियंता कार्यालय,सहायक अभियंता कार्यालय, कनिष्ठ अभियंता कार्यालय से लेकर विभिन्न पंप हाउस तक में ग्रीन वाटिका का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को बाडमेर जिला मुख्यालय से लेकर सरहद के अंतिम छोर तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों ने एक साथ ग्रीन वाटिका के लिए पौधरोपण किया।

वही विभाग के मुखिया ने ग्रीन वाटिका में लगाए गए पौधों के लिए कार्मिकों को उनके संरक्षक बनाकर पर्यावरण सरंक्षण की शपथ दिलाई। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आई ई सी कंसल्टेंट अशोक सिंह ने बताया कि शाषन सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डॉक्टर समित शर्मा के निर्देशों पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालयों में ग्रीन वाटिका व हरित कार्यालय पर बाडमेर जिले भर में अभियान शुरू हो गया है।

शुक्रवार को बाडमेर जिले के चौहटन, गुडामालानी, धोरीमन्ना, शिव, राम जी का गोल, गढरा और रामसर के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय और पंप हाउस में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विपिन जैन के निर्देशों पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जैन ने कहा कि विभाग के शासन सचिव डॉक्टर समित शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर में जल भवन में 5 हजार पौधे विभाग के अधिकारियों और कार्मिकों के साथ लगाकर कुदरत के इस आधार की महत्ता सभी के सामने रखी। इस दौरान अधिशासी अभियंता दीपाराम, सहायक अभियंता कैलाश मीणा,रमेश कुमार संत, कनिष्ठ अभियंता पुराराम, सहायक प्रशासनिक अधिकारी हेमंत लीलड मौजूद रहे।

जे.डी.ए. दस्ते ने शिकायतों का निस्तारण किया

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते नेशुक्रवार को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों सहित अन्य शिकायतों का मौका निरीक्षण कर निस्तारण किया गया। आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार जेडीए दस्तेने सघन अभियान के तहत् जोनवार विभिन्न स्थानों पर सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों, अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों पर कार्यवाही जारी है।

प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि जेडीए दस्ते ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों अनुसार ग्राम खोखरिया के ख.सं. 224 स्थित दीपनगर, ख.सं. 206/2 शांति नगर व 207/2, बनाड रोड जोधपुर में कंचल स्टील के पीछे से मारवाड आईटीआई तक रहवासीय कॉलानियों का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवासीय भूखण्डों एवं मकानों में अवैध एवं अनाधिकृत रूप से व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थी। दस्तेने संचालकों को सख्त हिदायत दी कि सडक भाग में भिन्न-भिन्न प्रकार के कबाड के रूप से किए गए अनाधिकृत अतिक्रमणों को तुरन्त प्रभाव से अपने स्तर पर हटा लें एवं आवासीय कॉलोनी में किसी प्रकार की अवैध व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन व वायु प्रदुषण नहीं करें अन्यथा प्राधिकरण से सख्त कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

दस्ते ने राजस्थान सम्पर्क सहित विभिन्न अन्य शिकायतों पर मौका निरीक्षण किय।

नालों की सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : गौरव अग्रवाल

जोधपुर, (कासं)। आगामी मानसून एवं अतिवृष्टि को मध्यनजर रखते हुए जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने शुक्रवार को जोधपुर शहर के आरटीओ नाले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने बीएसएफ अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों से नालें की वास्तविक स्थिति, निर्माण संबधी चल रहे कार्य की प्रगति, जल निकासी की प्रक्रिया, यूटिलिटी सिफ्टिंग सहित अन्य जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आगामी मानसून को देखते हुए नाले की सफाई, मलबा हटाने सहित जल निकासी का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के समय नालों का फ्लो एवं निकासी सही बनी रहे इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही नालों के निर्माण संबंधी कार्यों में तेजी दिखाते हुए इसे शीघ्र पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग इसे गंभीरता से ले, सभी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

उन्होंने बनाड़ में चल रहे विभिन्न विभागों के कार्यों विद्युत लाइनिंग, केबल सिफ्टिग, कनेक्टिविटी, यूटिलिटी ले प्लान, सहित अन्य कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की परेशानी दूर करने के लिए संवेदनशीलता के साथ नालों के सुधार की योजना बनाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रान्तर्गत जल निकासी के मार्गों पर पडऩे वाले समस्त नालों की साफ-सफाई, दुरूस्तीकरण इत्यादि की कार्यवाही सर्वाच्च प्राथमिकता पर करवायें। साथ ही ड्रेनेज प्लान का गहनता से अध्ययन कर वास्तविक स्थिति से मिलान कर सुनिश्चित कर लें कि ड्रेनेज व्यवस्था बिना किसी अवरोध के लगातार चल रही हो। यदि कहीं अवैध अतिक्रमण या रख-रखाव की कमी के कारण ड्रेनेज चोक हो गया हो तो अतिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर सुनिश्चित करें कि ड्रेनेज अविरल चले ताकि बारिश के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस दौरान जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी नगर निगम दक्षिण आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला, अतिरिक्त जिला कलैक्टर प्रथम दीप्ति शर्मा, अतिरिक्त जिला कलैक्टर तृतीय डॉ सुनीता पंकज, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, आरयूआईडीपी सहित दोनों नगर निगम के उच्च अधिकारी साथ रहे।

लाखोटिया गऊ घाट पर सरोवर आरती की

पाली, (नि.सं.)। आषाढ़ मास की अमावस्या को लेकर श्री लाखोटिया महिला मण्डल के बैनर तले गंगा की भांति सरोवर आरती की गई।

मण्डल प्रवक्ता भाग्यवती गेहलोत ने बताया कि लाखोटिया महिला मण्डल अध्यक्ष कमला सोलंकी के निर्देशन में अमावस्या पर दोपहर को महिला भजन कीर्तन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक भजनों पर महिलाओं ने जम कर नृत्य किया व शाम 6-15 बजे लाखोटिया सरोवर आरती कर देश में अच्छी बारिश की कामना की गई।

इस दौरान घांची युवा महासभा के नव निर्वाचित योगेश सोलंकी अध्यक्ष, जितेन्द्र पंवार उपाध्यक्ष, सुरेश परिहार, सचिव दीपक देवड़ा कोषाध्यक्ष का महिला मण्डल द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में नेमीचंद देवड़ा, सूर्य प्रकाश राठौड़, अनिल सोलंकी, प्रकाश जोशी, पारस राठौड़,मीनू भाटी, गीता पंवार, विजया शर्मा, स्नेहलता, होनी भाटी, रामी परिहार दुर्गा व्यास, प्रकाश कंवर, सुशीला मेडम,भावना भार्गव, सरोज डाणी, मंजू राजपुरोहित, पूर्णा व्यास सहित कई महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक: ग्राप/मरेगा/2024-25/91 दिनांक:05/07/2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत देबावास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013(आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजिकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता(ओं)/ विक्रेता(ओं)/फर्मो/ संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता(ओं) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।

UBN No.- ZJR2425GLOB00108
NIB No.- ZJR2425A0101

सरपंच ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति जालोर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति जालोर

श्रद्धांजलि



24.10.1918 - 06.07.2000

24वीं पुण्यतिथि

श्रद्धेय स्व. वैध श्री घनश्याम जी शर्मा

निवासी श्रीमाधोपुर (सीकर) की 24वीं पुण्यतिथि 06.07.2024 पर सभी परिवारजन की ओर से

शत् शत् नमन् एवं सादर श्रद्धाजंलि

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (राष्ट्रदूत, जोधपुर) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), वीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मोबाइल : 9829264308, 9829360428, 9462694531

कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज) 345001

क्रमांक/भूमि/2024-25/469 दिनांक: 27/06/2024

प्रसारित नोटिस उजरदारी

श्री नवलकिशोर मेहता श्री भंवरलाल मेहता जाति माहेश्वरी निवासी गोयदानी पाडा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या G 295 साईज 25 गुणा 50 कुल 1250 वर्गफीट वाके लक्ष्मीचन्द सांवल आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री श्यामसुन्दर पुत्र श्री नखतमल पुरोहित जाति ब्राहमण निवासी ग्राम दवारा मूलाना तहसील फतेहगढ जिला जैसलमेर जरिये रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र से क्रय किया गया है उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री नवलकिशोर मेहता पुत्र श्री भंवरलाल मेहता जाति माहेश्वरी निवासी गोयदानी पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है अत किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

आयुक्त,
नगर परिषद, जैसलमेर

45 जनों ने रक्तदान किया

जालोर, (कासं)। भारत विकास परिषद् ,जालोर की ओर से चल रहे सेवा व पर्यावरण पखवाडा के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय सामान्य चिकित्सालय ब्लड बैंक में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 45 लोगों ने उत्साह के साथ रक्तदान किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवचरण मीणा, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम टाक तथा उप नियंत्रक डॉ. राजेश शर्मा थे। जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में परिषद् के प्रान्तीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी व शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि मीणा रक्तदान करने आए लोगों में दिखे उत्साह से अभिभूत नजर आए और उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि रक्तदान कर हम निश्चित ही किसी को नया जीवन दे सकते हैं। हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्त दान करते रहना चाहिए।

कार्यक्रम में तीन महिलाओं ने भी रक्तदान किया। गायत्री गौड़ के साथ शाखा के अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा व उनकी पत्नी श्यामा भूतडा तथा परिषद् की जिला महिला संयोजक मधु शेखावत व उनके पति राजेंद्रसिंह काबावत ने दंपति के रूप में रक्तदान किया। शिविर में जिला समन्वयक व शिविर संयोजक मदनलाल माली व उनके दोनों पुत्रों जितेन्द्र व सीए हितेष सोलंकी ने दो पीढी एक साथ के रूप में रक्त दान किया। परिषद् की ओर से सभी रक्त दाताओं को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। अतिथियों ने सभी रक्तदाताओ व भाविप की ओर से जनहित में किये जा रहे सेवा कार्यो की भी सराहना की। पंडित पवन दाधिच, अनिल चौधरी व नंदकिशोर जेथलिया द्वारा कार्यक्रम में ही परिषद् की स्वेच्छा से सदस्यता ग्रहण करने पर उनका भी सम्मान किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अभिषेक पटेल, डॉ.रमेश चौधरी, डॉ. विजय चौधरी व डॉ.धर्मेन्द्र चौधरी ने भी शिविर में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खां सहित ब्लड बैंक के हङमताराम गर्ग , मुकेश दहिया,भरत सहित स्टाफ ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र भूतड़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर परिषद् के कोषाध्यक्ष शंकरलाल सोलंकी, महिला संयोजक सीमा जोशी,महेन्द्र आनंद वैष्णव, प्रेम कुमार परमार, कमल किशोर भूतड़ा, सीए नीरज गुप्ता, चन्द्राराम, कालूराम कुमावत ,विजय जोशी सहित कई जने उपस्थित थे।

राजस्थान सरकार

जिला कार्यालय, सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग,जालोर (राज.)

क्रमांक/सूप्रौजा/टेंडर/ईमित्र-प्लस/2024/653 दिनांक 05/07/2024

खुली निविदा 03/2024-25

जिला कार्यालय, सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग, जालोर के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्थापित ई-मित्र प्लस मशीनों एवं RajNet Connection के उपकरणों (System Board, CPU Unit, Hard Disk, Web Camera, LED/LCD/Moniter, Processor, SMPS, Power Adaptor, CAT6 UTP CABLE with Connector) इत्यादि की रिपेयरिंग/रिपलेसमेन्ट की आवश्यकता है। इस हेतु उपकरणों की रिपेयरिंग/रिपलेसमेन्ट करने वाले इच्छुक थोक विक्रेताओं/उत्पादकों/विनिर्माताओं/एक मात्र वितरकों/एक मात्र विक्रेता/विपणन एजेंट/उपवितरको/प्राधिकृत डिलरों/ज्ञात विश्वसनीयता प्राप्त खुदरा विक्रेताओं जो कि जी.एस.टी पंजीकृत है, से तकनीकी एवं वित्तिय बिड के रूप में सील बंद लिफाफे में दर संविदा करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा विक्रय/डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि - 18.07.2024 को सायं 6 बजे तक।
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - 19.07.2024 को दोपहर 12 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि - 19.07.2024 दोपहर 4 बजे तक।
निविदा का अनुमानित मूल्य - 9,00,000/- रूपये।
निविदा प्रपत्र शुल्क - 500/- रू.

निविदा एवं शर्ते जिला कार्यालय, सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर, जालोर एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से दिनांक 05.07.2024 से प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं गठित क्रय कमेटी द्वारा उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओं के समक्ष निविदा नियत मिथि व समय पर इस कार्यालय में खोली जायेगी।

सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक)
सूचना प्रौधोगिकी और संचार विभाग, जालोर